निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट

## असाधारण अंक

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**30 आषाढ़ 1937 (श0)**

**(सं0 पटना 837) पटना, मंगलवार, 21 जुलाई 2015**

**वाणिज्य–कर विभाग**

**अधिसूचनाएं**

**21 जुलाई 2015**

एस०ओ० 169, दिनांक 21 जुलाई 2015—बिहार स्थानीय क्षेत्रों में उपभोग, व्यवहार अथवा विक्रय हेतु मालों के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 9 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल बिहार स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

**1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ।** – (1) यह नियमावली बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) नियमावली, 2015 कही जा सकेगी।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह तुरत प्रवृत्त होगी।

**संशोधन**

**2. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 2 में संशोधन**– (1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 2 के उप–नियम (1) में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' को शब्द ''अधिनियम'' के द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 2 के उप–नियम (2) में प्रयुक्त शब्द समूह ''बिहार वित्त अधिनियम 1981 (बिहार अधिनियम 5, 1981) के भाग–1 की धारा–9 की उप–धारा (1)'' को शब्द समूह''बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम 2005 (2005 का अधिनियम 27) की धारा–10 की उप–धारा (1)'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 2 का उपनियम (8) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा :–

''(8) अधिनियम से अभिप्रेत है बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 (बिहार अधिनियम 16, 1993)''

(4) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 2 के उप–नियम (12) में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' को शब्द ''अधिनियम'' के द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(5) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 2 के उप–नियम (15) में प्रयुक्त शब्द समूह ''अध्यादेश और बिक्री कर नियमावली, 1983'' को शब्द समूह ''अधिनियम और बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**3. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 3 में संशोधन**–(1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 3 का उप–नियम (1) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थपित किया जायेगा, यथा :–

''(1) ऐसा हरेक व्यापारी जो अधिनियम के अधीन कर भुगतान करने का दायी हो, अधिनियम के अधीन कर भुगतान करने के दायी होने के सात दिनों के भीतर अंचल के प्रभारी उपायुक्त/सहायक आयुक्त/वाणिज्य–पदाधिकारी के समक्ष हरेक व्यापार स्थल के निबंधन के लिए पृथक रूप से आवेदन करेगा।''

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 3 का उप–नियम (5) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा :–

''(5) उक्त प्राधिकारी प्रत्येक निबंधन प्रमाण–पत्र को एक निबंधन संख्या आवंटित करेगा''

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 3 का उप–नियम (6) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा :–

''(6) तत्समय प्रवृत बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली 2005 के सुसंगत नियम आवश्यक परिवर्त्तन सहित, स्वामित्व या कारोबार संस्थापित करने में किसी तरह के परिवर्त्तन करने, कारोबार के नाम से और तरीके में परिवर्त्तन लाने कारोबार के स्थान में परिवर्त्तन करने या इस अधिनियम के अधीन कर भुगतान के दायित्व के लिए सुसंगत दृष्टि से किसी अन्य सामग्री में परिवर्तन और उप–नियम (3) के अधीन स्वीकृत निबंधन प्रमाण–पत्र के खो जाने या विकृत हो जाने नवीकरण और रद्दीकरण में किसी तरह के परिवर्तन करने की आवश्यकता स्वरूप संशोधन संबंधी मामलों में लागू होंगे।''

(4) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 3 के उपनियम (6) के बाद क्रमशः निम्नलिखित नये उप–नियम (7) और (8) जोड़े जाएंगे, यथा :–

''(7) प्रत्येक व्यक्ति या व्यवसायी जो ई कॉमर्स अथवा अन्यथा के माध्यम से अधिसूचित वस्तु के आपूर्त्ति या सुपूर्दगी के व्यवसाय में लगे हों, तथा अधिनियम की धारा 3कक के अधीन कर संग्रह तथा भुगतान करने का दायी हों, अधिनियम की धारा 3कक के अधीन कर संग्रह तथा कर भुगतान करने के दायी होने के सात दिनों के भीतर अंचल के प्रभारी उपायुक्त/सहायक आयुक्त/वाणिज्य–कर पदाधिकारी के समक्ष प्रपत्र प्र०क०-IA में निबंधन हेतु आवेदन करेगा। धारा 3कक की उप–धारा (9) के अधीन निबंधन प्रमाण–पत्र प्रपत्र प्र०क०-IIA में निर्गत किया जाएगा :

परन्तु वैसे व्यक्ति या व्यवसायी, जो इस अधिनियम के प्रारंभ होने के पूर्व से व्यवसाय करते आ रहे हैं, इस अधिनियम के प्रारंभ होने के 30 दिनों के भीतर आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

(8) उप–नियम (2) के खण्ड (क), खण्ड (ख), उप–नियम (3), उप–नियम (4), उप–नियम (5) और उप–नियम (6) के बाकी सभी अन्य प्रावधान, आवश्यक परिवर्तन सहित, उप–नियम (7) के अधीन दिये गये आवेदन पर लागू होंगे।

**4. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4 में संशोधन।**– (1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4 का उप–नियम (1) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा :–

''(1) इस अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (2) के अधीन कर भुगतान करने वाला प्रत्येक निबंधित व्यापारी या कोई अन्य व्यक्ति संबधित माह के अगले माह की अंतिम तिथि को या उससे पहले प्रपत्र प्र० क० III में मालों के मासिक आयात का सार, प्रपत्र प्र० क० IV में प्रत्येक तिमाही की सही एवं पूर्ण विवरणी और सभी अनुसूचित मालों के आयात तथा बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम 2005 (बिहार अधिनियम 27, 2005) के उपबंधों के अनुसार उस पर भुगतेय कर के संबंध में और इस निमित्त उसके अधीन, बनी नियमावली में यथा विहित रीति से प्रत्येक वर्ष की वार्षिक विवरण भी प्रपत्र प्र० क० V में प्रस्तुत करेगा।

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4 के उप–नियम (2) के खंड (क) में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश '' को शब्द ''अधिनियम'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4 के उप–नियम (4) के बाद निम्नलिखित नया उप–नियम (5) जोड़ा जाएगा, यथा :–

''(5) अभिलेख का प्रभारी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि माँग, वसूली, बकाया की पूर्ण सूचना, पंजी के प्रपत्र प्र० क०- XVIII में प्रविष्ट कर दी गयी है।''

**5. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4क में संशोधन।**– (1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4क में प्रयुक्त शब्द समूह ''बिहार मूल्य वर्द्धित कर अध्यादेश, 2005, इस अध्यादेश के अन्तर्गत उसका कर

दायित्व'' को शब्द समूह ''बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005, इस अधिनियम के अधीन उसका कर दायित्व'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 4क के तृतीय परंतुक में प्रयुक्त शब्द समूह ''बिहार मूल्य वर्द्धित कर अध्यादेश, 2005'' को शब्द समूह ''बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**6. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में एक नया नियम 4कक का अंतःस्थापन।**— बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम ''4क'' के बाद निम्नलिखित एक नया नियम ''4कक'' अंतःस्थापित किया जायेगा, यथा—

**''4कक अधिसूचित मालों के डिलीभरी अथवा इसके पूर्व, क्रेता अथवा आयातक से प्रवेश कर की वसूली**— (1) धारा 3कक की उप–धारा (1) में विनिर्दिष्ट प्रवेश कर की वसूली अधिनियम की धारा–3 की उप–धारा धारा (1) के अधीन वस्तुओं के लिए अधिसूचित दर पर की जायेगीः

परन्तु अधिनियम की धारा–6 के अधीन विमुक्त वस्तुओं या सम्व्यवहारों पर प्रवेश कर की कोई वसूली नहीं की जायेगी।

(2) (i) धारा 3कक की उप–धारा (1) के अधीन ऐसे संग्रह करने वाले एवं इसके जमा के लिए उत्तरदायी व्यक्ति या व्यवसायी इस राशि को संबंधित माह के अगले माह की 15 तारीख तक या तो चालान प्रपत्र प्र०क०-VI के माध्यम से अभिहित बैंक में ऑनलाईन जमा करेंगे या चालान प्रपत्र प्र०क०-VI संबंधित अंचल प्रभारी के पक्ष में निर्गत रेखांकित चेक या रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के साथ संबंधित अंचल प्रभारी को अग्रेसित करेंगे।

स्पष्टीकरण :– अभिव्यक्ति ''संबंधित अंचल–प्रभारी'' से अभिप्रेत है –

(क) बिहार राज्य के भीतर उस अंचल का अंचल प्रभारी जिसकी अधिकारिता के भीतर संग्रह करने वाले व्यक्ति या व्यवसायी का कार्यालय अवस्थित हो;

(ख) बिहार राज्य के बाहर अवस्थित संग्रह करने वाले वैसे व्यक्ति या व्यवसायी, के कार्यालय के मामले में इस निमित्त आयुक्त द्वारा विषेष रूप से अधिकृत अंचल कार्यालय का अंचल–प्रभारी।

(ii) जहाँ चेक या ड्राफ्ट भारतीय रिजर्व बैंक या भारतीय स्टेट बैंक या इस निमित्त अधिकृत बैंक शाखा से भिन्न किसी अन्य बैंक के नाम हो तो उसमें वास्तविक संग्रहण प्रभार के बराबर अतिरिक्त रकम भी शामिल होगी।

(iii) उप–खंड (i) में वर्णित चेक या ड्राफ्ट प्राप्त होने पर संबंधित अंचल प्रभारी इसे, यथास्थिति, संबंधित कोषागार या बैंक, में जमा करेगा।

(3) (i) संग्रह करने वाले व्यक्ति या व्यवसायी संबंधित माह के अगले माह की अंतिम तिथि को या इससे पूर्व प्रपत्र प्र०क०-XIII में एक मासिक विवरण दाखिल करेगा। वह प्रपत्र प्र०क० -XIV में प्रत्येक तिमाही की सही एवं पूर्ण विवरणी और सभी अनुसूचित मालों के आयात तथा बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 (अधिनियम 27, 2005) के उपबंधों के अनुसार भुगतेय कर के संबंध में और इस निमित्त इसके अधीन बनी नियमावली में यथा विहित रीति से प्रत्येक वर्ष की वार्षिक विवरणी भी प्रपत्र प्र०क०-XV में दाखिल करेगा।

(ii) धारा 3कक की उप–धारा (i) के अनुसार कर–संग्रह करने वाला प्रत्येक व्यक्ति या व्यवसायी मालों के आपूर्त्ति या परिदान के समय क्रेता अथवा आयातक, जिससे ऐसा संग्रह किया गया हो, को एक प्रमाण–पत्र प्रपत्र प्र०क०- XVI में निर्गत करेगा और पूर्ण और सही रूप से ऐसे सभी ब्यौरे देगा जैसा कि उसमें विनिर्दिष्ट किया गया है।

(iii) खंड (ii) में उल्लेखित प्रमाण–पत्र तीन प्रतियों में होगा।

(iv) प्रमाण–पत्र की ''मूल'' चिन्हित भाग क्रेता अथवा आयातक, जिसके विपत्रों से संग्रह किया गया है, को हस्तगत किया जायेगा।

(v) प्रमाण–पत्र का ''द्वितीयक'' चिन्हित भाग को प्रमाण–पत्र निर्गतकर्ता द्वारा रख लिया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार माँगे जाने पर विहित प्राधिकारी के समक्ष, जैसे ही और जब उनके द्वारा अपेक्षा की जाय, प्रस्तुत करेगा।

(vi) प्रमाण–पत्र का ''तृतीयक'' भाग को प्रमाण–पत्र निर्गतकर्ता द्वारा रख लिया जायेगा।

(vii) धारा 3कक की उप–धारा (8) के प्रयोजनार्थ, इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स के किसी भी प्रणाली अथवा अन्य माध्यम से राज्य के भीतर किसी भी क्रेता अथवा आयातक को अनुसूचित मालों की आपूर्त्ति या परिदान के व्यवसाय में लगा हुआ प्रत्येक व्यक्ति प्रपत्र प्र०क० -XVII में एक पंजी संधारित करेगा।

(4) धारा 3कक की उप–धारा (1) के प्रावधानों के अनुरूप किया गया कोई संग्रहण एवं यथास्थिति सरकारी कोषागार अथवा बैंक में जमा ऐसी राशि, आयातक अथवा क्रेता जिसके विपत्रों से ऐसा संग्रहण किया गया है, की ओर से इस हद तक कर– भुगतान मानी जाएगी।

**7. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 5 में संशोधन।**— बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में नियम 5 के उपनियम (1) में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' को शब्द ''अधिनियम'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**8. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 6 में संशोधन।**— बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में नियम 6 के उपनियम (1) में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' को शब्द ''अधिनियम'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**9. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 8 में संशोधन।**—(1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में नियम 8 के उपनियम (1) में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' को शब्द ''अधिनियम'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 6 में प्रयुक्त शब्द समूह ''बिहार वित्त अधिनियम, 1981'' को शब्द समूह ''बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**10. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 9 में संशोधन।**— (1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में नियम 9 में प्रयुक्त शब्द—समूह ''बिहार बिक्री कर नियमावली, 1983'' को शब्द—समूह ''बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के नियम 9 में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' को शब्द ''अधिनियम'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

**11. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के अधीन विहित प्रपत्र प्र0क0-I, प्र0क0-II, प्र0क0-III, प्र0क0-VI, प्र0क0-VII, प्र0क0-VIII, प्र0क0-IX, और प्र0क0-X में संशोधन।**— (1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में विहित प्रपत्र प्र0क0-I, प्र0क0-II, प्र0क0-III, प्र0क0-VI, प्र0क0-VII, प्र0क0-VIII, प्र0क0-IX, और प्र0क0-X में प्रयुक्त शब्द ''अध्यादेश'' शब्द ''अधिनियम'' द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में विहित फॉर्म प्र0क0-IX में प्रयुक्त शब्द समूह ''बिहार अध्यादेश सं 11, 1993'' को शब्द समूह ''बिहार अधिनियम 16, 1993'' द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में विहित फॉर्म प्र0क0-I और प्र0क0-X में प्रयुक्त शब्द समूह ''बिहार वित्त अधिनियम, 1981 ''शब्द समूह ''बिहार मूल्य बर्द्धित कर अधिनियम, 2005'' द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

**12. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के साथ संलग्न प्रपत्र प्र0क0-IV, प्र0क0-V एवं प्र0क0-XII का प्रतिस्थान।**—

(1) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के साथ संलग्न प्रपत्र प्र0क0-IV को निम्नलिखित प्रपत्र प्र0क0-IV द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा—

**प्रपत्र प्र० क०— IV**

..... तिमाही के लिये त्रैमासिक विवरणी

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 के अधीन आयातक व्यापारी द्वारा भुगतेय कर की विवरणी।)

**[(देखें नियम–4(1)]**

1. निबंधन संख्या :
2. आयातक व्यापारी का नाम तथा डाक का पता :
3. कारबार का नाम तथा उसके स्थित होने का स्थान :

**भाग— क**

1. सभी आयातित/प्राप्त/खरीदे गये वस्तुओं का कुल मुल्य –
2. घटायें –

(क) अनुसूचित वस्तुओं के अलावे आयातित/प्राप्त/खरीदे गये अन्य वस्तुओं का कुल मूल्य –

(ख) प्राप्त/खरीदे गये अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिनका निर्माण/उत्पादन स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत ही किया गया है –

(ग) शेष अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिस पर कर देय है –

3. घटाये– अन्य स्थानीय क्षेत्रों से आयातित अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिस पर प्रवेश के प्रथम बिन्दु पर कर चुका दिया गया है –
4. शेष अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिस पर कर देय है –
5. कर देयता का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | वस्तु का नाम | आयात मूल्य | कर का दर | देय कर की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| **कुल** | | | | | |

**भाग–ख**

(अनुसूचित मालों के निपटान का विस्तृत विवरण)

(तिमाही में प्राप्त आयातित अथवा खरीदे गये अनुसूचित मालों का निपटान)

(क) (i) उपभोग किया गया रू0 –

(ii) भंडार में शेष रू0 –

(ख) (i) उपयोग किया गया रू0 –

(ii) भंडार में शेष रू0 –

(ग) (i) बिक्री किया गया रू0 –

(ii) भंडार में बिक्री के लिये शेष रू0 –

(iii) उप कंडिका (i) में दर्शाये गये बिक्री से संबंधित बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत दाखिल त्रैमासिक विवरणी के साथ अदा किये गये कर का ट्रेजरी चलान संख्या..... दिनांक..... ..... रकम.....

(iv) बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनिमय, 2005 के अन्तर्गत बिक्री कर की देयता में कमी का दावा से संबंधित रकम, यदि कोई हो तो रूपया .....

**भाग– ग**

1. देय प्रवेश कर की स्वीकृत कुल रकम – रू0.....
2. प्रवेश कर की भुगतान की गयी रकम – रू0.....(चलान की प्रति संलग्न करें)

| **क्र० सं०** | **ट्रेजरी चलान सं0** | **दिनांक** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

आयातक व्यापारी अथवा उसके घोषित प्रबंधक का हस्ताक्षर

स्थान–
तिथि–

टिप्पणी – अनुलग्नक

(1) विवरणी में वर्णित कोषागार चलान की प्रति।

(2) बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत कर की देयता से अनुसूचित मालों पर अदा किये गये प्रवेष कर की कमी के दावा का विवरण (प्रपत्र प्र0 क0 X में)

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश के प्रथम बिन्दु पर अदा किये गये प्रवेश कर का दावा का विवरण (प्रपत्र प्र०क० XI में)

(2) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के साथ संलग्न प्रपत्र प्र0क0-V को निम्नलिखित प्रपत्र प्र0क0-V द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा–

**प्रपत्र– प्र0 क0– V**

वर्ष ..... के लिए वार्षिक विवरणी

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम 1993 के अधीन आयातक व्यापारी द्वारा भुगतेय कर की विवरणी)।

[(देखें नियम–4(1)]

1. निबंधन संख्या.....
2. आयातक व्यापारी का नाम तथा डाक का पता .....
3. कारबार का नाम तथा उसके स्थित होने का स्थान .....

**भाग–क**

1. सभी आयातित/प्राप्त/खरीदे गये वस्तुओं का कुल मूल्य –
2. घटायें :–

(क) अनुसूचित वस्तुओं के अलावे आयातित/प्राप्त/खरीदे गये अन्य वस्तुओं का कुल मूल्य :–

(ख) प्राप्त/खरीदे गये अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिनका निर्माण/उत्पादन स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत ही किया गया है:–

(ग) शेष अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिस पर कर देय है :–

3. घटायें– अन्य स्थानीय क्षत्रों से आयातित अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिस पर प्रथम प्रवेश के बिन्दु पर कर चुका दिया गया है :–

4. शेष अनुसूचित वस्तुओं का कुल मूल्य जिन पर कर देय है :–

5. कर देयता का विस्तृत विवरणः–

| क्र० सं० | वस्तु का नाम | आयात मूल्य | कर का दर | देय कर की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| **कुल** | | | | | |

**भाग– ख**

(अनुसूचित मालों के निपटान का विस्तृत विवरण)

(वर्ष में प्राप्त आयातित अथवा खरीदे गये अनुसूचित मालों का निपटान)

(क) (i) उपभोग किया गया रू0 –

(ii) भंडार में शेष रू0 –

(ख) (i) उपयोग किया गया रू0 –

(ii) भंडार में शेष रू0 –

(ग) (i) बिक्री किया गया रू0 –

(ii) भंडार में बिक्री के लिये शेष रू0 –

(iii) उप कंडिका (i) में दर्शाये गये बिक्री से संबंधित बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत दाखिल वार्षिक विवरणी के साथ अदा किये गये कर का ट्रेजरी चलान संख्या.....दिनांक..... रकम.....
.....

(iv) बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत बिक्री कर की देयता में कमी का दावा से संबंधित रकम, रू0 .....

**भाग – ग**

1. देय प्रवेश कर की स्वीकृत कुल रकम – रू0.....
2. प्रवेश कर की भुगतान की गयी रकम – रू0..... (चलान की प्रति संलग्न करें)

| **क्रम सं०** | **ट्रेजरी चलान सं0** | **दिनांक** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

आयातक व्यापारी अथवा उसके घोषित प्रबंधक का हस्ताक्षर

स्थान–

तिथि–

टिप्पणी – अनुलग्नक

(1) विवरणी में वर्णित कोषागार चलान की प्रति।

(2) बिहार मूल्य वर्द्धित अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत कर की देयता से अनुसूचित मालों पर अदा किये गये प्रवेश कर की कमी के दावा संबंधी त्रैमासिक विवरणी के साथ दाखिल प्रपत्र X में विवरण की प्रतियाँ।

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में प्रवेष के प्रथम बिन्दु पर अदा किये गये प्रवेश कर का दावा का विवरण–प्रपत्र प्र० क०– XI की प्रतियाँ जो तिमाही विवरणी के साथ दाखिल की गयी है।

(3) बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के साथ संलग्न प्रपत्र प्र0क0-XII को निम्नलिखित प्रपत्र प्र0क0-XII द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा, यथा–

**प्रपत्र प्र0 क0 XII**

बिहार स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 के अन्तर्गत प्रतिभूति बन्ध–पत्र।

**(देखें नियम 3 (4)(IV))**

इस विलेख द्वारा सभी लोगों को ज्ञात हो कि मैं/हम ..... (पूरा नाम) .....(पूरा पता) बिहार राज्यपाल के प्रति जो बिहार राज्य सरकार की कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग करते हैं (जिन्हें इसमें आगे सरकार के रूप में निर्दिष्ट किया गया है और इस पद के अन्तर्गत जब तक संदर्भ से आपर्विजत या उसके विरूद्ध न हों, बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम 2005 की धारा 10 के अधीन नियुक्त किसी प्राधिकारी सहित उनके पद के उत्तराधिकारी होंगे) ..... रू0 की राशि (अंक में और उसके बाद शब्द में) जो इसमें आगे उक्त राशि के रूप में निर्दिष्ट है, मांग की जाने पर सरकार को चुकाने के लिये धारिती होता हूँ/होते हैं तथा अपने को सुदृढ़ रूप से आबद्ध करता हूँ/करते हैं, और उक्त राशि का भलीभाँति और सही–सही भुगतान किये जाने के लिये मैं/हम अपने को अपने उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों और विधिक प्रतिनिधियों को इस विलेख के द्वारा आबद्ध करता हूँ/करते हैः

चूंकि उपर्युक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों के लिये बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम 1993 की धारा 3/3कक द्वारा उक्त अधिनियम के अधीन कर चुकाना अपेक्षित है तथा उसके लिये उक्त अधिनियम की धारा 5 द्वारा उक्त अनिधियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत (रजिस्टर्ड) होना और उसके अधीन विधिमान्य रजिस्ट्रीकरण (रजिस्ट्रेषन) प्रमाण–पत्र प्राप्त करना भी अपेक्षित है :

चूँकि बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 10 के अधीन नियुक्त प्राधिकारी द्वारा उपर्युक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों के नियंत्रणाधीन या प्रभाराधीन व्यापार के स्थल/गोदाम/भंडारागार/वेयरहाऊस/गाड़ी/जलयान/मालवाहक के निरीक्षण के दौरान ऐसा माल पाया गया जिसके लिये संतोषजनक लेखा उपर्युक्त आबद्ध व्यक्ति तुरत प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं हों/है :

और चूंकि उपर्युक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों से वाणिज्य–कर ..... अंचल द्वारा अपेक्षा की गयी है कि वह उक्त राशि की प्रतिभूति दे दें ताकि पाये गये माल के संबंध में उक्त अधिनियम के अधीन उसके/उनके द्वारा देय कर का समुचित भुगतान सुनिश्चित करने वाला लेखा प्रस्तुत किया जा सके तथा कि वह सरकार की ऐसी हानि, व्यय या खर्च की बावत क्षतिपूर्ति करे/ करें, जो पाये गये माल के संबंध में ऐसा उचित लेखा जिससे वह सुनिश्चित हो सके कि अधिनियम के अधीन उपबन्धित रीति से और विहित समय तक कर का भुगतान कर दिया गया है और समुचित लेखा प्रस्तुत करने में उक्त आबद्ध व्यक्ति–व्यक्तियों या उसके/उनके लिये या अधीन कार्य करने वाले व्यक्ति के कार्यलोप, व्यक्तिक्रम के चूक के चलते सरकार को हानि उठानी पड़े, व्यय उपगत करना पड़े या खर्च चुकाना पड़े।

इसलिये उपरलिखित बंध पत्र की शर्त्त ऐसी है कि उपर्युक्त आबद्ध व्यक्ति, उसके/उनके उत्तराधिकारी, निष्पादन, प्रशासन और विधिक प्रतिनिधि या उसके/उनके लिये अधीन कार्य करने वाला कोई व्यक्ति उक्त अधिनियम के अधीन उसके/उनके द्वारा देय कर की पूरी रकम उक्त अधिनियम के अधीन विहित नियमावली अथवा बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली के नियम 62 में विहित किसी प्राधिकारी द्वारा ऐसी मांग की जाने पर, जो लिखित रूप में की जायेगी और उक्त अधिनियम द्वारा या उनके अधीन उपबन्धित या विहित रीति से उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों, उसके/उनके उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों और विहित प्रतिनिधियों अथवा उसके/उनके लिये या अधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति पर तामिल की जायेगी, उक्त अधिनियम द्वारा उपबन्धित रीति से या उसके अधीन विहित समय तक चुका देगा/देगें और उस अवधि के दौरान जिसमें उक्त आबद्ध व्यक्ति उक्त अधिनियम के अधीन चुकाने का जिम्मेवार ठहरता हो/ठहराते हों, तत्पश्चात् किसी समय आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों या उसके/उनके लिये या अधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति से किसी कार्यलोप, व्यतिवम, चूक या दिवालियापन के कारण सरकार को हुई/होने वाली/हो सकने वाले किसी या सभी खर्च या व्यय की बावत सरकार को सदा क्षतिपूर्ति करेगा/करेंगे और उसे नुकसान से बचायेगा/बचायेंगे, और उसके बाद यह शून्य और निष्प्रभावी हो जायेगा, अन्यथा यह पूर्णतः प्रवृत्त होगा और रहेगा।

और एतद् द्वारा यह भी करार किया जाता है कि उक्त आबद्ध व्यक्ति–व्यक्तियों की मृत्यु/विभाजन/विच्छेम/विघटन/परिमापन या उक्त अधिनियम या उसके अधीन बनी नियमावली के अधीन अन्तिम रूप से दायित्व का समापन उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे आशायित व्यापार के निबंधन प्रमाण–पत्र से संबंधित स्थापना और इस प्रकार व्यापार के रजिस्ट्रीकरण (रजिस्ट्रेशन) की दशा में यह बंध–पत्र उक्त अधिनियम के अधीन बनायी गयी नियमावली अथवा बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली 2005 के नियम 62 में विहित प्राधिकारी अथवा उसके द्वारा निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी पदाधिकारी के जिम्मे किसी घटना के घटित होने के तारीख से 12 वर्षो तक रहेगा तभी उक्त व्यक्ति–व्यक्तियों द्वारा देय हो सकने वाला कोई कर अथवा उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों अथवा उसके/उनके लिये या अधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति/व्यक्तियों के उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों और विधिक प्रतिनिधियों के किसी कार्य, कार्यलोप व्यतिक्रम, चूक या दिवालियापन के कारण सरकार द्वार उठायी गयी कोई ऐसी हानि या उपगत किया गया कोई ऐसा व्यय या चुकाया गया कोई ऐसा खर्च वसूला जा सके, जिसका पता उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों की मृत्यु/विभाजन/विच्छेद/विघटन/परिसमापन या उक्त अधिनियम अथवा उसके अधीन बनी

नियमवली के अधीन अन्तिम रूप से दायित्व के समापन अथवा उक्त अधिनियम के अधीन आशायित व्यापार की स्थापना और उसके रजिस्ट्रीकरण के बाद तक नहीं चला हो।

एतद् द्वारा यह भी करार किया जाता है कि यदि उक्त आबद्ध व्यक्ति निरीक्षण की तारीख से 15 दिनों के भीतर अपने–अपने नियंत्रणाधीन/अपने प्रभाराधीन व्यापार स्थल/गोदाम/भंडारागार/ गाड़ी/जलयान/मालवाहक गाड़ी में पाये गये माल की बावत उचित लेखा प्रस्तुत नहीं करे/करें तो उक्त अधिनियम के अन्तर्गत निमित्त नियमावली अथवा बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली 2005 के नियम 62 के अधीन विहित प्राधिकारी द्वारा इस आबद्धता (बंध–पत्र) का उपयोग उक्त राशि को वसूलने के लिये जायेगा। परन्तु सदा यथापूर्वोक्त कर, हानि अथवा नुकसान की वसूली के लिये किसी अन्य अधिकार अथवा उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह सरकार पर निर्भर करेगा कि वह इस बंध पत्र के अधीन चुकायी जाने वाली रकम की वसूली भू–राजस्व के बकाये के रूप में कर लें। इसके साक्ष्य स्वरूप उक्त श्री ..... (पूरा नाम) ने आज दिनांक ..... को इस पर अपना हस्ताक्षर किया एवं निम्नलिखित व्यक्तियों की उपस्थिति में उक्त नामित व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित एवं दिया गया–

| हस्ताक्षर | हैसियत |
|---|---|
| 1 ..... | ..... |
| 2 ..... | ..... |

हम ..... एतद्द्वारा उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों के लिये अपने को प्रतिभू घोषित करते है और गारंटी देते है कि वह/वे वह सारा करेगा/करेगें और वह सब संपादित करेगा/करेगें, जिसे करने और संपादित करने का जिम्मा उसके/उन्होनें लिया है तथा यदि वह/वे उसमें कार्यलोप या व्यतिक्रम करेगा/करेंगे अथवा असफल होगा/होगें तो हम एतद्द्वारा संयुक्त रूप से और अलग–अलग अपने को आबद्ध करते है, कि बिहार राज्यपाल जो बिहार राज्य सरकार की कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग करते हैं (जिन्हें इसमें आगे सरकार के रूप में निर्दिष्ट बिहार मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम 2005 के धारा 10 के अधीन नियुक्त किसी प्राधिकारी सहित उनके पद उत्तराधिकारी और समानुदेशित होगें (इससे रू0 ..... की राशि रकम अंक में उसके बाद रकम शब्दों में) (इसमे आगे उक्त राशि के रूप में निर्दिष्ट) जिसके लिये कि उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों ने अपने को आबद्ध किया है अथवा कोई अल्पतर राशि जो उक्त अधिनियम के अधीन बनायी गयी नियमावली अथवा बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली 2005 के नियम 62 के अधीन विहित प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त समझी जायेगी समयदत्त कर लें ताकि कर की कोई ऐसी रकम, जो उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा चुकायी जाने योग्य हो, किन्तु चुकायी नहीं गयी हो, वसूली की जा सके और उक्त कार्यलोप, व्यतिक्रम या चूक के कारण सरकार द्वारा उठायी जा सकनेवाली कोई हानि उठाया जा सकनेवाला कोई नुकसान उपगत किया जा सकनेवाला कोई व्यय या किया जा सकनेवाला कोई खर्च वसूला जा सके।

हम यह भी करार करते है कि सरकार, अपने किसी अन्य अधिकार अथवा उपदार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना हमसे संयुक्त रूप से और अलग अलग उक्त राशि भू–राजस्व के बकाये के रूप में वसूल कर सकेगी।

हम यह भी करार करते है कि हममें से किसी को तब तक इस प्रतिभूत्व को समाप्त करने की स्वतन्त्रता नहीं होगी जबतक कि हममें से कोई उक्त अधिनियम के अधीन निर्मित नियमवावली अथवा बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली के नियम 62 में विहित प्राधिकारी को इस आषय की छः पंचांग मास की पूर्व सूचना नहीं दे दे और छः महीने की उक्त अवधि समाप्त होने तक उक्त आबद्ध व्यक्ति/व्यक्तियों के सभी कार्यो, कार्यलोपों, व्यतिक्रम, चूक तथा दिवालियापन के बावत इस बन्ध–पत्र के अधीन हमारा संयुक्त एवं अलग–अलग दायित्व बना रहेगा।

निम्नलिखित व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रतिभुओं का हस्ताक्षर :–

| हस्ताक्षर | स्थायी पता |
|---|---|
| 1 ..... | ..... |
| 2 ..... | ..... |

की उपस्थिति में–

| नाम | हस्ताक्षर | स्थायी पता |
|---|---|---|
| 1..... | ..... | ..... |
| 2..... | ..... | ..... |

यह, कारोबार के स्वत्वाधारी द्वारा यदि कोई व्यक्ति विशेष हो, कर्त्ता द्वारा यदि अविभक्त हिन्दू कुटूम्ब हो, फर्म की दशा में प्राधिकृत भागीदार द्वारा साझेदारी फर्म की दशा में प्राधिकृत साझेदार द्वारा, कम्पनी या निगम की दशा में प्रबंध निदेशक, प्रबंध अभिकर्त्ता या प्रधान कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा और सोसाईटी, क्लब संगम, सरकारी विभाग या स्थानीय प्राधिकारी की दशा में प्रभारी प्रधान कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा तथा ऐसे व्यक्ति द्वारा जिसे अधिनियम अथवा उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन प्रतिभूति देना अपेक्षित हो, हस्ताक्षरित किया जायेगा।

**13. बिहार स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर नियमावली, 1993 में प्र0क0-XII के बाद नये प्रपत्र प्र0क0-Iक, प्र0क0- IIक, प्र0क0-XIII, प्र0क0-XIV, प्र0क0-XV, प्र0क0-XVI, प्र0क0-XVII एवं प्र0क0-XVIII का अंतःस्थापन–**

**(1)** निम्नलिखित एक नया प्रपत्र प्र0क0–I क प्रपत्र प्र0क0–I के बाद अंतःस्थापित किया जायेगा, यथा–

''प्रपत्र प्र० क०–Ik

बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 5 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन।

फोटो चिपकाये

[देखें नियम 3 (7)]

कार्यालय..... वाणिज्य–कर ..... अंचल

सेवा में, ..... अंचल.....

मैं, ..... (पूरा नाम), पिता का नाम ..... (पूरा नाम) , बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम 1993 की धारा 5 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की मंजूरी हेतु आवेदन करता हूँ और उस प्रयोजन के लिए निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करता हूँ :–

1. व्यक्ति या व्यवसायी का नाम एवं प्रकार :
2. व्यक्ति या व्यवसायी का स्थायी पता :

(क) ग्राम/नगर :
(ख) मोहल्ला/टोला/सड़क :
(ग) डाकघर :
(घ) थाना :
(ङ) जिला : पिनकोड : राज्य :

3. व्यक्ति या व्यवसायी का वर्त्तमान पता

(क) ग्राम/नगर :
(ख) मोहल्ला/टोला/सड़क :
(ग) डाकघर :
(घ) थाना :
(ङ) जिला : पिनकोड राज्य :

4. व्यक्ति या व्यवसायी की विधिक हैसियत :
5. (यथा–व्यक्ति विशेष/अविभक्त हिन्दु कुटुम्ब/फर्म/निगम/कम्पनी/संगम/सरकारी विभाग/उपक्रम आदि)
6. अतिरिक्त स्थल की विशिष्टियाँ :

(अगर जरूरी हो, अलग से सूची संलग्न)

(क) मुख्य कार्यालय
(ख) शाखा कार्यालय

7. स्थानों की पूरी सूची और स्थिति जहाँ डिलीवरी किए जाने वाले माल भंडारित किए जाने वाले हों––

| क्र० सं० | होल्डिग संख्या | टोला/मोहल्ला/पथ/ ग्राम/नगर/डाकघर/थाना/ि जला | परिसरो के स्वामियों के नाम एवं पता | मालों के नाम जो सामान्यतः वहाँ भंडारित किए जाने हों | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

8. व्यवसायी द्वारा रखे गये किसी एजेन्सी/किसी अन्य क्रय, विक्रय या वितरण एजेन्सी का ब्यौरा (आवश्यकतानुसार सूची अलग से संलग्न करें)
9. कर देयता की तिथि :
10. बैंक/बैकों के नाम (खाता संख्या एवं प्रकार सहित) जिसके द्वारा सामान्यतः संव्यवहार कार्यान्वित किए जाते हों
11. टेलीफोन/फैक्स नं0/ईमेल : .....
12. पैन .....
13. निबंधन, अनुज्ञप्ति, परमिट आदि जो किसी अन्य नियम के अंतर्गत प्रदत्त हो, का विवरण : (आवश्यकतानुसार सूची संलग्न करें)

**सत्यापन**

मै इसके द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन में प्रस्तुत विशिष्टियाँ, जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है, सही और पूर्ण है।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान– हैसियत

तारीख– स्थायी पता

**प्रमाण–पत्र**

मै, ..... (पूरा नाम) प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर नामित आवेदक द्वारा प्रस्तुत विषिष्टियाँ सही और पूर्ण है और मेरी मौजूदगी में हस्ताक्षर किया जा रहा है।

हस्ताक्षर

स्थान– हैसियत / पदनाम

तारीख– रजिस्ट्रीकरण संख्या

(निबंधित व्यवसायी / ट्रान्सपोर्टर के मामले में)

आवेदन, कारोबार के स्वत्वाधारी द्वारा यदि कोई व्यक्ति विषेष हो, कर्त्ता द्वारा यदि अविभक्त हिन्दू कुटूम्ब हो, फर्म की दशा में प्राधिकृत भागीदार द्वारा साझेदारी फर्म की दशा में प्राधिकृत साझेदार द्वारा, कम्पनी या निगम की दषा में प्रबंध निदेशक, प्रबंध अभिकर्त्ता या प्रधान कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा और सोसाईटी, क्लब संगम, सरकारी विभाग या स्थानीय प्राधिकारी की दशा में प्रभारी प्रधान कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होगा।

प्रमाण–पत्र बिहार मूल्य वर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के अधीन निबंधित व्यापारी / ट्रांसपोर्टर द्वारा या क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाले प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / अंचलाधिकारी द्वारा दिया जायेगा।
सरकारी विभाग या स्थानीय प्राधिकार की दशा में ऐसा कोई भी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।''

**(2)** निम्नलिखित एक नया प्रपत्र प्र0क0-IIक प्रपत्र प्र0क0-II के बाद अंतःस्थापित किया जायेगा, यथा–

**''प्रपत्र प्र० क०–II क**

बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 5 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र।

[ देखें नियम 3 (7) ]

कार्यालय..... वाणिज्य–कर .....अंचल

प्रमाणित किया जाता है कि व्यक्ति या व्यवसायी, जिसकी विशिष्टियाँ नीचे दी जा रही है, का रजिस्ट्रीकरण बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 5 के अधीन कर लिया गया है और आवंटित कर दाता पहचान संख्या नीचे दी जाती है–

| | |
|---|---|
| **TIN** | |

2. वह दिनांक–.....के प्रभाव से बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 के अधीन कर संदाय करने का दायी होगा।

3. व्यक्ति या व्यवसायी का नाम एवं प्रकार :

4. व्यक्ति या व्यवसायी का स्थायी पता :

(क) ग्राम / नगर :

(ख) मोहल्ला / टोला / सड़क :

(ग) डाकघर :

(घ) थाना :

(ङ) जिला : पिनकोड : राज्य :

5. व्यक्ति या व्यवसायी का वर्त्तमान पता

(क) ग्राम / नगर :

(ख) मोहल्ला / टोला / सड़क :

(ग) डाकघर :

(घ) थाना :

(ङ) जिला : पिनकोड राज्य :

6. व्यक्ति या व्यवसायी की विधिक हैसियत :

(यथा–व्यक्ति विशेष / अविभक्त हिन्दु कुटुम्ब / फर्म / निगम / कम्पनी / संगम / सरकारी विभाग / उपक्रम आदि)

7. अतिरिक्त स्थल की विशिष्टियाँ :

(क) मुख्य कार्यालय

(ख) शाखा कार्यालय

8. स्थानों की पूरी सूची और स्थिति जहाँ डिलीवरी किए जाने वाले माल भंडारित किए जाने वाले हों––

| क्र० सं० | होल्डिग संख्या | टोला/मोहल्ला/पथ/ ग्राम/नगर/डाकघर/थाना/ जिला | परिसरो के स्वामियों के नाम एवं पता | मालों के नाम जो सामान्यतः वहाँ भंडारित किए जाने हों | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

स्थान–
तारीख–
मुहर–

निर्गतकर्त्ता प्राधिकार का हस्ताक्षर
पदनाम

**(3)** निम्नलिखित नये प्रपत्र प्र0क0- XIII, प्र0क0- XIV, प्र0क0- XV, प्र0क0- XVI, प्र0क0- XVII एवं प्र0क0- XVIII, प्र0क0- XII के बाद क्रमशः जोड़े जाएंगे, यथा–

**''प्रपत्र प्र० क०– XIII**

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 3कक के अधीन मासिक विवरण)

**[(देखें नियम–4कक(3)(i)]**

1. संग्रह करने वाले व्यक्ति/व्यवसायी का नाम :
2. कारबार का पता
3. व्यक्ति/व्यवसायी का निबंधन संख्या :
4. अवधि (माह का नाम) :

**भाग– क**

5. माह में राज्य के अन्दर आपूर्त्ति या परिदान किये गये सभी मालों का कुल मुल्य –
6. घटायें –

(क) अनुसूचित वस्तुओं के अलावा माह में आपूर्त्ति या परिदान किये गये मालों का कुल मूल्य –
(ख) भाग 'ख' के अनुसार माह में निबंधित व्यवसायियों को आपूर्त्ति या परिदान किये गये अनुसूचित मालों का कुल मूल्य–
(ग) शेष–माह में अनिबंधित व्यवसायियों को आपूर्त्ति या परिदान किये गये अनुसूचित मालों का कुल मूल्य जिस पर कर देय है –

7. कर देयता का विस्तृत विवरण :–

| **क्र० सं०** | **वस्तु का नाम** | **आयात मूल्य** | **कर की दर** | **देय कर की राशि** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| **कुल** | | | | | |

8. देय प्रवेश कर की स्वीकृत कुल रकम रू०.....
9. प्रवेश कर की भुगतान की गयी रकम रू०..... (चलान की प्रति संलग्न करें)
10. चलान संख्या एवं दिनांक–

**भाग–ख**

(निबंधित व्यवसायियों को अनुसूचित मालों की आपूर्त्ति या परिदान का विवरण)

| क्र० सं० | क्रेता/आयातक का नाम | वैट टिन | अनुसूचित माल का नाम | कैशमेमो/बिल/इन्वाईस | | आयात मूल्य | प्रपत्र D-IX(सुविधा) की संख्या, यदि कोई हो तो | आपूर्त्ति या परिदान की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संख्या | दिनांक | | | |
| | | | | | | | | |

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि इस सार में एवं इसके साथ दिये गये विवरण जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है, सही और पूर्ण है एवं मैं इस विवरण पर हस्ताक्षर तथा दाखिल करने हेतु सक्षम हूँ।

व्यक्ति या व्यवसायी का हस्ताक्षर
हैसियत

स्थान–
तिथि–

**प्रपत्र प्र० क०– XIV**

..... तिमाही के लिये त्रैमासिक विवरणी

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 3कक के अधीन त्रैमासिक विवरणी।)

**[(देखें नियम–4कक(3)(i)]**

1. संग्रह करने वाले व्यक्ति/व्यवसायी का नाम :
2. कारबार का पता :
3. व्यक्ति/व्यवसायी का निबंधन संख्या :
4. अवधि (त्रैमास का नाम) :

**भाग– क**

5. त्रैमास में राज्य के अन्दर आपूर्त्ति या परिदान किये गये सभी मालों का कुल मुल्य –
6. घटायें –

(क) अनुसूचित वस्तुओं के अलावा त्रैमास में आपूर्त्ति या परिदान किये गये मालों का कुल मूल्य–

(ख) भाग 'ख' के अनुसार त्रैमास में निबंधित व्यवसायियों को आपूर्त्ति या परिदान किये गये अनुसूचित मालों का कुल मूल्य –

(ग) शेष–त्रैमास में अनिबंधित व्यवसायियों को आपूर्त्ति या परिदान किये गये अनुसूचित मालों का कुल मूल्य जिस पर कर देय है –

7. कर देयता का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | वस्तु का नाम | आयात मूल्य | कर की दर | देय कर की राषि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| कुल | | | | | |

8. देय प्रवेश कर की स्वीकृत कुल रकम रू०.....
9. प्रवेश कर की भुगतान की गयी रकम रू०..... (चलान की प्रति संलग्न करें)
10. चलान संख्या एवं दिनांक–

**भाग–ख**

(निबंधित व्यवसायियों को अनुसूचित मालों की आपूर्त्ति या परिदान का विवरण)

| क्र० सं० | क्रेता/आयातक का नाम | वैट टिन | अनुसूचित माल का नाम | कैशमेमो/बिल/इन्वाईस | | आयात मूल्य | प्रपत्र D-IX(सुविधा) की संख्या, यदि कोई हो तो | आपूर्त्ति या सुपुर्दगी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संख्या | दिनांक | | | |
| | | | | | | | | |

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि इस सार में एवं इसके साथ दिये गये विवरण जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है, सही और पूर्ण है एवं मैं इस विवरण पर हस्ताक्षर तथा दाखिल करने हेतु सक्षम हूँ।

व्यक्ति या व्यवसायी का हस्ताक्षर

हैसियत

स्थान–

तिथि–

**प्रपत्र प्र० क०– XV**

..... वर्ष के लिये वार्षिक विवरणी

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 3कक के अधीन वार्षिक विवरणी।)

**[(देखें नियम–4कक(3)(i)]**

1. संग्रह करने वाले व्यक्ति/व्यवसायी का नाम :
2. कारबार का पता :
3. व्यक्ति/व्यवसायी का निबंधन संख्या :
4. अवधि (वित्तीय वर्ष)

**भाग– क**

5. वर्ष में राज्य के अन्दर आपूर्त्ति या परिदान किये गये सभी मालों का कुल मुल्य –
6. घटायें –

(क) अनुसूचित वस्तुओं के अलावा वर्ष में आपूर्त्ति या परिदान किये गये मालों का कुल मूल्य –

(ख) भाग 'ख' के अनुसार वर्ष में निबंधित व्यवसायियों को आपूर्त्ति या परिदान किये गये अनुसूचित मालों का कुल मूल्य–

(ग) शेष–वर्ष में अनिबंधित व्यवसायियों को आपूर्त्ति या परिदान किये गये अनुसूचित मालों का कुल मूल्य जिस पर कर देय है –

7. कर देयता का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | वस्तु का नाम | आयात मूल्य | कर की दर | देय कर की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| **कुल** | | | | | |

8. देय प्रवेश कर की स्वीकृत कुल रकम रू०.....
9. प्रवेश कर की भुगतान की गयी रकम रू०.....

10. चलान का विवरण–

| **क्र० सं०** | **ट्रेजरी चलान सं0** | **दिनांक** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| **कुल** | | | |

**भाग–ख**

(निबंधित व्यवसायियों को अनुसूचित मालों की आपूर्त्ति या परिदान का विवरण)

| क्र० सं० | क्रेता/आयातक का नाम | वैट टिन | अनुसूचित माल का नाम | कैशमेमो/बिल/इन्वाईस | | आयात मूल्य | प्रपत्र D-IX(सुविधा) की संख्या, यदि कोई हो तो | आपूर्त्ति या सुपुर्दगी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संख्या | दिनांक | | | |
| | | | | | | | | |

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि इस सार में एवं इसके साथ दिये गये विवरण जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है, सही और पूर्ण है एवं मैं इस विवरण पर हस्ताक्षर तथा दाखिल करने हेतु सक्षम हूँ।

व्यक्ति या व्यवसायी का हस्ताक्षर
हैसियत

स्थान–
तिथि–

## प्रपत्र प्र० क०– XVI

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 3कक के अधीन मालों की आपूर्त्ति या परिदान करते समय या इससे पूर्व संग्रह किये गये प्रवेश कर का प्रमाण–पत्र)

**[(देखें नियम–4कक(3)(ii)]**

किताब जिल्द संख्या: .....

मुद्रित क्रमांक संख्या:.....

1. संग्रह करने वाले व्यक्ति/व्यवसायी का नाम एवं पता .....
2. व्यक्ति/व्यवसायी का करदाता पहचान संख्या (टिन) .....
3. अंचल का नाम जहाँ व्यक्ति/व्यवसायी निबंधित हैं .....
4. क्रेता/आयातक का नाम एवं पता जिनसे कर संग्रह किया गया है .....
5. राज्य के बाहर से आयात किये गये अनुसूचित माल का नाम .....
6. इन्वाईस संख्या, दिनांक एवं अनुसूचित माल का मूल्य .....
7. अनुसूचित माल का आयात मूल्य (अधिनियम की धारा–2(e) के

अनुसार आयात मूल्य) .....

8. उपर्युक्त अनुसूचित मालों पर प्रवेश कर की दर .....

9. संग्रहित कर की राशि–

शब्दों

में..... मात्र

**प्रमाण–पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि राज्य के बाहर से आयात किये गये अनुसूचित माल के बिल/इन्वाईस पर राशि रू०..... .....(शब्दों में रू०.....) वसूल किया गया है।

स्थान..... जारी करने वाले प्राधिकार का हस्ताक्षर

दिनांक..... पदनाम.....

कार्यालय मुहर

**पंजी प्रपत्र प्र०क०– XVII**

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा 3कक(8) के अधीन रखी जाने वाली पंजी।)

**[(देखें नियम–4कक(3)(vii)]**

व्यक्ति/व्यवसायी का नाम **:** .....

| प्रेषक एवं प्रेषिती | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | प्रेषक का नाम एवं पता | सी.एस.टी. निबंधन संख्या | प्रेषिती का नाम एवं पता | प्रेषिती का करदाता पहचान संख्या(टिन) (यदि कोई हो तो) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| प्रेषण | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माल के प्रेषण का स्थान | मल का गन्तव्य स्थल | इन्वाईस संख्या | दिनांक | माल का विवरण | माल की मात्रा | माल का मूल्य | भाड़ा | कुल आयात मूल्य | प्रवेश कर का दर | प्रवेश कर की संग्रहित राशि |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |

| परिदान | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जी.आर. एन/एल. आर. संख्या | जी.आर. एन/एल. आर. दिनांक | डी.-IX/ सी–टैन (सुविधा) (यदि कोई हो तो) | बैंक जिसके माध्यम से सुपुर्दगी हुई | अनुसूचित मालों के सुपुर्दगी की तिथि | सुपुर्दगी लेने वाले व्यक्ति का नाम एवं पता | किताब सं., क्रमांक एवं निर्गत प्र०क०–XIV की तिथि |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |

**प्रपत्र प्र०क०– XVIII**

पृष्ठः–

(बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिये माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 के अधीन रखी जाने वाली माँग, संग्रह एवं बकाया पंजी।)

**[(देखें नियम–4(5)]**

| व्यापार का नाम एवं शैली– | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| निबंधन संख्या– | | वित्तीय वर्ष | | | | (*राशि रू० में*) | |
| | | प्रथम त्रैमास | द्वितीय त्रैमास | तृतीय त्रैमास | चतुर्थ त्रैमास | वार्षिक | अभ्युक्ति (यदि कोई हो तो) |
| अनुसूचित माल का कुल मूल्य जिस पर कर देय है (विवरणी प्र०क०–IV/V की प्रविष्टि–4) | | | | | | | |
| प्रवेश कर की स्वीकृत राशि (विवरणी प्र०क०–IV/V की प्रविष्टि–5) | | | | | | | |
| भुगतान किया गया कर | चलान संख्या | | | | | | |
| | दिनांक | | | | | | |
| | राशि | | | | | | |
| | | | | | | | |
| आरंभ की गयी कार्रवाही (यदि | धारा | | | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई हो तो) | दिनांक | | | | | | |
| निर्धारित कर | | | | | | | |
| माँग–पत्र सूचना | संख्या | | | | | | |
| | दिनांक | | | | | | |
| | माँग की राशि | | | | | | |
| वसूल की गयी राशि | चलान संख्या | | | | | | |
| | दिनांक | | | | | | |
| | राशि | | | | | | |

[(सं०सं० बिक्री–कर/अंकेक्षण–01/2015–**3908**)]
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सुजाता चतुर्वेदी,
आयुक्त–सह–प्रधान सचिव,
वाणिज्य–कर विभाग।

**21 जुलाई 2015**

एस०ओ० 170, एस०ओ० 169, दिनांक 21 जुलाई 2015 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार–राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अधीन अंग्रेजी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

[(सं०सं० बिक्री–कर/अंकेक्षण–01/2015–**3909**)]
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सुजाता चतुर्वेदी,
आयुक्त–सह–प्रधान सचिव,
वाणिज्य–कर विभाग।

*The 21st July 2015*

S.O. 169 dated the 21st July 2015—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 9 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas for Consumption, Use or Sale Therein Act, 1993 the Governor of Bihar is pleased to make the following Rules to amend the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993:-

1. **Short title, extent and commencement.-** (1) These Rules may be called the Bihar Tax on Entry of goods into Local Areas (Amendment) Rules, 2015.

(2) It shall extend to the whole of the State of Bihar.

(3) It shall come in to force at once.

**2. Amendment in Rule 2 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993.**–

(1) The words "the ordinance" used in sub Rule (1) of Rule 2 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993 shall be substituted by the words "the Act".

(2) The group of words "sub-section (1) of Section 9 of Part I of the Bihar Finance Act, 1981(Bihar Act 5 of 1981)" used in sub Rule (2) of Rule 2 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993 shall be substituted by the group of words "sub section (1) of section 10 of the Bihar Value Added Tax Act, 2005(Act 27 of 2005)".

(3) Sub-Rule 8 of Rule 2 of the Bihar tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993 shall be substituted by the following, namely—

"(8)The 'Act' means the Bihar tax on Entry of Goods into Local Areas for Consumption, Use or Sale Therein Act, 1993 (Bihar Act 16 of 1993)."

(4) The words "the ordinance" used in sub-Rule (12) of Rule 2 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993 shall be substituted by the words "the Act".

(5) The group of words "the ordinance and Sales Tax Rules, 1983" used in sub-Rule (15) of Rule 2 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993 shall be substituted by the group of words "the Act and the Bihar Value Added Tax Rules, 2005."

**3. Amendment in Rule 3 of the Bihar Tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993.-** (1) Sub-Rule (1) of Rule 3 of the Bihar tax on Entry of Goods into Local Areas Rules, 1993 shall be substituted by the following, namely—

